जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांक / जीविवि / गोपनीय / मेडीकल / 2024 / 948 दिनांक 15/04/24

आवश्यक सूचना

प्रति,

प्राचार्य / प्राचार्या
अशासकीय बी.एस.सी. बी.एड. शिक्षा महाविद्यालय
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

विषय :– बी.एस.सी. बी.एड. प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर दिसम्बर 2023 के रेगूलर,एक्स,ऐटीकेटी परीक्षार्थियों के प्रायोगिकि परीक्षा एवं सेसनल के अंक विश्वविद्यालय की एम.पी. ऑनलाईन पर **दिनांक 24 / 04 / 2024** तक ऑनलाईन अपडेट करने हेतु।

महोदय ,

बी.एस.सी. बी.एड. प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर दिसम्बर 2023 की प्रायोगिक परीक्षा संपन्न कराकर अंक **दिनांक 24 / 04 / 2024** तक एम.पी.ऑनलाइन की बेबसाइट पर अपडेट करें।

विशेष नोट :–

आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिंक मूल्यांकन / प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपटेड करने से शेष न रहें। पोर्टल पर अंक भरते समय पर किसी भी परीक्षार्थी के अनुक्रमांक के सम्मुख अंक अंकित कॉलम में अंक अथवा अनुपस्थित (Absent) ही अंकित करें। प्रदर्शित सीट में रिक्त अथवा रिक्त / डेस कुछ भी अंकित न करें विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन / प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन अपडेट नही करने अथवा आंतरिक मूल्यांकन / प्रायोगिक परीक्षा के अंक हेतु निर्धारित पोर्टल पर अंक अपडेट नही होने की दशा मे छात्र को उक्त विषय मे अनुपस्थित मान कर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय प्राचार्य का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति मे छात्र के ऑफ लाईन आंतरिक मूल्यांकन / प्रायोगिक अंक मान्य नही किये जावेगें अंक निर्धारित अवधि मे अपडेट नही करने पर **माननीय कार्यपरिषद के निर्णय अनुसार अर्थदण्ड की शस्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की जावेंगी स्थाई समिति की विशेष बैठक दिनांक 15.09.2021 के निर्णय अनुसार पत्र / क्रं. / एफ / अकादमी / सभा / 2021 / 904 / दिनांक 15.09.2021 के द्वारा यदि महाविद्यालय से ऑनलाईन अंक प्रेषित करने मे टकंण त्रुटि होती है तो संबंधित महाविद्यालय परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व मूल रिकॉर्ड के साथ प्रति छात्र रुपये 1,000 / – अर्थदण्ड जमा कर विश्वविद्यालय मे आवेदन प्रस्तुत करने पर अंक सुधार किये जा सकते है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद किसी भी प्रकार का आवेदन प्रस्तुत करने पर अंक सुधार नही किये जायेंगे एवं इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित अग्रेषण अधिकारी की होगी।**

आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षकों के हस्ताक्षर युक्त मूलप्रति के साथ अंक ऑनलाईन भरने के पश्चात् भरे हुये अंको को बेवसाईट से प्रिंट कर प्राचार्य / प्राचार्या से प्रमाणित कराकर **26 / 04 / 2024** तक विश्वविद्यालय मे आवश्यक रुप से जमा कराये जिन महाविद्यालय को बाह्य परीक्षकों के पत्र प्राप्त नही हुए है वह कक्ष **क्रमांक 307 (मेडीकल सैल)** से प्राप्त कर सकते है।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति महोदय के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. उप / सहा. कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. श्री एच.के. द्विवेदी एम0पी0 ऑनलाइन प्रभारी, की ओर प्रायोगिक / आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट किये जाने हेतु पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी कार्यवाही हेतु।

सहा. / उपकुलसचिव (गोपनीय)